नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65वां वर्ष संस्करण


6 मोदी का ट्रैम्पोलिन क्या हम छलांग लगा पाएंगे?


5 मोदी ने समृद्ध भारत बनाने के संकल्प के साथ किया काम


8 यूएस ओपन चैंपियन सबालेंका चीन ओपन से बाहर



9 पीएम विश्वकर्मा योजना से मजदूर सशक्त

# देश में बनी वस्तुएं ही त्योहार पर खरीदें

## धार जिले के भैंसोला में पीएम नरेंद्र मोदी बोले- घर में घुसकर मारता है नया भारत

- राष्ट्रीय स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार महाअभियान शुभारंभ
- स्वदेशी को विकसित भारत की नींव बनाना है

संजय वाजपेयी/ स्वदेशसिंह पंवार

**धार/बदनावर. ये समय त्यौहारों का समय है और इस समय आपको स्वदेशी का मंत्र भी लगातार दोहराना है. अपने जीवन में उतारना भी है. मेरी 140 करोड़ देशवासियों से प्रार्थना है, आप जो भी खरीदें वो देश में ही बना होना चाहिए. आप जो भी खरीदें, उसमें पसीना किसी न किसी हिंदुस्तानी का होना चाहिए. आप जो भी खरीदें, उसमें हिंदुस्तान की मिट्टी की महक होनी चाहिए.**

यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को धार जिले की बदनावर तहसील के भैंसोला गांव में आयोजित एक विशाल जनसभा में कही. यहां उन्होंने पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास किया. साथ ही राष्ट्रीय स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार महाअभियान, आठवें राष्ट्रीय पोषण माह आदि सेवा पर्व का शुभारंभ कर सुमन सखी चैटवॉट को लांच किया.




प्रधानमंत्री ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत देशभर की 15 लाख से अधिक महिला हितग्राहियों को 450 करोड़ रुपए से अधिक की प्रसूति सहायता राशि सिंगल क्लिक के जरिए उनके खाते में अंतरित की. उन्होंने एक बगिया मां के नाम अभियान के अंतर्गत स्व-सहायता समूह की दीदी लक्ष्मी डोडियार को अमरूद का पौधा भेंट किया. राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन के तहत सुश्री आराधना कलमी को 1 करोड़वां सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग कार्ड प्रदान किया. स्वस्थ नारी सशक्त परिवार महाअभियान के अंतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशभर में 1 लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा.

कार्यक्रम में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, उप मुख्यमंत्री द्वय जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ल, धार जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं मेरे व्यापारी भाइयों से आग्रह से कहना चाहता हूं, देश के लिए मेरा साथ दीजिए और मैं आपस देश के लिए मदद चाहता हूं, क्योंकि मुझे 2047 तक विकसित भारत बनाकर रहना है और उसका रास्ता आत्मनिर्भर भारत से जाता है और इसलिए मेरे सारे छोटे-मोटे सभी व्यापारी भाई-बहन, आप जो भी बेचे, वो हमारे देश में बना हुआ ही होना चाहिए. महात्मा गांधी ने स्वदेशी को आजादी का माध्यम बनाया था. अब हमें स्वदेशी को विकसित भारत की नींव बनाना है. ये तब होगा, जब हम अपने देश में बनी हुई हर चीज पर गर्व करेंगे. हम छोटी से छोटी चीज भी खरीदें, हम बच्चों के लिए खिलौने खरीदें, दीवाली की मूर्तियां खरीदें, घर को सजाने के लिए समान खरीदें, या मोबाइल, टीवी, फ्रिज जैसी कोई बड़ी चीज खरीदें, हमें सबसे पहले देखना चाहिए कि क्या ये हमारे देश में बना है क्या? जब हम स्वदेशी खरीदते हैं, तो हमारा पैसा देश में ही रहता है. हमारा पैसा विदेश जाने से बचता है. वहीं पैसा फिर से देश के विकास के काम आता है.

पीएम मोदी ने कहा कि पाकिस्तान से आए आतंकियों ने हमारी बहन-बेटियों का सिंदूर उजाड़ा था. हमने ऑपरेशन सिंदूर करके आतंकी ठिकानों को उजाड़ दिया. हमारे वीर जवानों ने पलक झपकते ही पाकिस्तान को घुटनों पर ला दिया. अभी कल ही एक पाकिस्तानी आतंकी ने रो-रोकर अपना हाल बताया है. ये नया भारत है. ये किसी परमाणु धमकियों से डरता नहीं है. ये नया भारत है घर में घुसकर मारता है.

### प्रधानमंत्री मोदी को दी जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले, जन-आकांक्षाओं के संवाहक, विकसित भारत के वास्तुकार, हम सभी कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक और लोकप्रिय जननेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!

**डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री**



मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देता हूं, साथ ही उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना भी करता हूं.

**- राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस



हमारे प्रेरणास्रोत एवं मार्गदर्शक आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को 75वें जन्मदिवस की सहृदय शुभकामनाएं। बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि आपको स्वस्थ जीवन और चिरकालीन दीर्घायु प्राप्त हो।

**- ज्योतिरादित्य सिंधिया**, केंद्रीय मंत्री

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व ने देश की काया पलट दी : सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बीते 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने वह ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जो कभी कल्पना मात्र लगती थीं. जिस भारत की प्रगति को दुनिया असंभव मानती थी. वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व ने 'मोदी है तो मुमकिन है' की प्रतिबद्धता ने कर दिखाई. देश की बुनियादी सुविधाओं से लेकर बड़ी से बड़ी दुविधाओं का हल उन्होंने निकाला है. प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और नेतृत्व ने भारत की काया पलट दी है. उन्होंने कहा कि विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर याद आ रहा है कि जिस तरह भगवान विश्वकर्मा ने सृष्टि को गढ़ा, उसी तरह प्रधानमंत्री मोदी आत्मनिर्भर, सक्षम और विकसित भारत की नींव रखकर नए भारत का निर्माण कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि पार्क से प्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल में किसानों की परंपरागत फसल कपास को प्रोत्साहन मिलेगा. कपास से धागा, धागे से कपड़ा और कपड़े के निर्यात से मध्यप्रदेश वस्त्रोद्योग का वैश्विक केन्द्र बनेगा.

## एशिया कप से पाकिस्तान बाहर

**नई दिल्ली 17 सितम्बर.** एशिया कप से पाकिस्तान ने अपना तीसरा और अंतिम मैच खेलने से इनकार कर दिया है. उसके इस फैसले के साथ ही टूर्नामेंट में उसका सफर यहीं खत्म हो जाएगा. रविवार को भारत और पाकिस्तान द्वारा खेले गए मैच के बाद से ही यह टूर्नामेंट खेल से ज्यादा दूसरे कारणों के चलते चर्चाओं में है. भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तान से मैच के दौरान उनके खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया था. पाकिस्तान टीम मैनेजमेंट को मैच रेफरी एंडी पायक्रॉफ्ट ने भारतीय टीम के इस फैसले की जानकारी दी थी.

## मोदी का करिश्मा अब भी बरकरार है

**वैश्विक सर्वे फर्म स्टास्टिस्टा की अगस्त 2025 की सर्वे रिपोर्ट**

**नई दिल्ली, 17 सितम्बर (वार्ता).** करिश्माई व्यक्तित्व, ईमानदार छवि और कड़ी मेहनत के बल बूते लगातार पिछले 11 साल से विशाल और विविधतापूर्ण देश के प्रधानमंत्री पद को संभाल रहे नरेंद्र मोदी आज भी दुनिया के लोकतांत्रिक देशों के नेताओं की घरेलू लोकप्रियता के सूचकांक में बड़े अंतर के साथ सबसे ऊपर है. स्वतंत्र भारत के इतिहास में मोदी दूसरे राजनेता हैं, जिन्होंने लगातार चुनावी सफलता के साथ तीसरी




बार प्रधानमंत्री पद संभाला है और आज भी जनता के बीच सबसे स्वीकार्य नेता बने हुए हैं.

वैश्विक सर्वे फर्म स्टास्टिस्टा की अगस्त 2025 तक की एक सर्वे रिपोर्ट के अनुसार मोदी की घरेलू स्वीकार्यता 72 प्रतिशत के साथ सबसे ऊपर थी. उनको अस्वीकार बताने वालों का हिस्सा 21 प्रतिशत था, जबकि सात प्रतिशत अपनी पसंद को लेकर अनिश्चितता में थे. इस सर्वे में दूसरे नंबर पर रहे दक्षिण कोरिया के ली जायी-मियुंग की घरेलू स्वीकार्यता 58 प्रतिशत और अस्वीकार्यता 30 प्रतिशत बताई गई है. इसी तरह अमेरिका की एजेंसी पेव रिसर्च सेंटर की मार्च-मई की अवधि की रिपोर्ट में मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ 79 प्रतिशत पर था. एक रिपोर्ट में मोदी 58 प्रतिशत की स्वीकार्यता रेटिंग के साथ अन्य नेताओं से कोसों आगे थे.

## पुतिन, मेलोनी और डेर लेयन ने दी मोदी को शुभकामनाएं

**नयी दिल्ली 17 सितम्बर (वार्ता) रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं जिस पर मोदी ने उन्हें धन्यवाद दिया है और कहा कि भारत दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।**

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयन ने भी श्री मोदी को जन्मदिन की बधाई




और शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन, मेरे जन्मदिन पर आपके फ़ोन कॉल और हार्दिक शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। हम अपनी विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए हर संभव योगदान देने के लिए तैयार है। उन्होंने मेलोनी तथा डेर लेयन को भी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है कि आज मोदी का जन्मदिन है और दुनिया के अनेक बड़े नेताओं तथा राष्ट्राध्यक्षों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को उन्हें टेलीफोन पर जन्मदिन की बधाई दी थी।

### सम्राट चार्ल्स तृतीय ने मोदी को दिया पौधे का उपहार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बुधवार को 75वें जन्मदिवस के अवसर पर ब्रिटिश सम्राट किंग चार्ल्स तृतीय ने उनको कदम्ब का पौधा बतौर उपहार स्वरूप भेजा है। भारत स्थित ब्रिटिश उच्चायोग ने उपहार वाले कदंब के पौधे की तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए कहा, महामहिम सम्राट भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उनकेजन्मदिन पर कदंब का पौधा भेजकर अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव का करते हैं।

## पीएम और मां का वीडियो हटाएं

### पटना उच्च न्यायालय ने कांग्रेस पार्टी को दिए निर्देश

**पटना, 17 सितंबर (वार्ता) पटना उच्च न्यायालय ने बुधवार को कांग्रेस पार्टी को निर्देश दिया है कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक से बनाया गया वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट से हटाए.**

पटना उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश पीबी बजंथरी ने इस संबंध में दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश जारी किया है. न्यायालय ने इस प्रकार के व्यवहार पर सख्त आपत्ति जताते हुए कहा है कि एआई का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए. न्यायालय ने इस संबंध में टिप्पणी की है कि इस तरह की सामग्री न केवल भ्रामक होती है, बल्कि यह नैतिक और सामाजिक दृष्टिकोण से भी अनुचित है.

उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से एक एआई जनित वीडियो वायरल किया गया था, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां को यह कहते हुए दिखाया गया था कि उन्हें राजनीतिक उद्देश्यों के लिए उपयोग न किया जाए.

## छोटा राजन की जमानत रद्द

### सुको ने कहा- ऐसे व्यक्ति की सजा क्यों स्थगित की जाए?

**नई दिल्ली, 17 सितंबर (वार्ता) उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को यह सवाल करते हुए गैंगस्टर राजेंद्र सदाशिव निकालजे उर्फ छोटा राजन की जमानत रद्द कर दी कि चार बार दोष सिद्धि और 27 साल की फरारी... ऐसे व्यक्ति की सजा क्यों स्थगित की जाए?**

पीठ ने अवैध वसूली मामले में होटल व्यवसायी जया शेट्टी की 2001 की हत्या मामले में बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा दी गई जमानत रद्द कर दी. पीठ ने सीबीआई की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनने के बाद यह आदेश पारित किया. पीठ के समक्ष उन्होंने दलील देते हुए कहा कि आजीवन कारावास की सजा पाए राजन को चार अन्य मामलों में भी दोषी ठहराया गया है और वह 27 साल तक फरार रहा था. छोटा राजन के वकील सुदीप पासबोला ने तर्क दिया कि राजन के खिलाफ दर्ज 71 मामलों में से 47 में सीबीआई को कोई ठोस सबूत नहीं मिला और उन्हें बंद कर दिया गया.

## बिहार चुनाव पर कांग्रेस की 24 को बैठक

**नयी दिल्ली, 17 सितम्बर (वार्ता) कांग्रेस की सर्वोच्च नीतिनिर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक अगले सप्ताह बिहार की राजधानी पटना में होगी जिसमें पार्टी का शीर्ष नेतृत्व बिहार विधानसभा चुनावों पर विचार-विमर्श कर वोट चोरी के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी को घेरने की रणनीति तेज करने पर विचार करेगा।**

कांग्रेस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि पार्टी महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को पत्र लिखकर इस विस्तारित बैठक की जानकारी दे दी है। बैठक 24 सितम्बर को सुबह 10 बजे से शुरु होगी। बैठक स्थल के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है।



उन्होंने कार्यकारिणी के सदस्यों से बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सीडब्ल्यूसी की इस बैठक को अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में राज्य विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी की रणनीति पर भी विचार होने की संभावना है। इस विस्तारित बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सहित सभी प्रमुख नेताओं के हिस्सा लेने की संभावना है।

बैठक में स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य, पार्टी के मुख्यमंत्री, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक दल के नेता भाग लेंगे। सूत्रों के अनुसार बैठक में समिति के 39 सदस्यों के अलावा बिहार के सभी सांसद, विधायक, विधान पार्षद, कांग्रेस सचिव, कार्यसमिति के सदस्य और संगठनों के प्रमुख तथा समिति के स्थायी और विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल होंगे। सूत्रों ने बताया कि श्री गांधी कि वोटर अधिकार यात्रा से पार्टी में जबरदस्त उत्साह है।

## दिल्ली पुलिस ने 3.101 किलो हेरोइन बरामद की

**नयी दिल्ली, 17 सितंबर (वार्ता)** दिल्ली पुलिस की बाहरी उत्तरी जिले की नशा निरोधक सेल ने नशा तस्करों के खिलाफ करीब ढाई महीने के लंबे अभियान के दौरान 3.101 किलोग्राम हेरोइन बरामद की है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 6.25 करोड़ रुपये आंकी गयी है। इस मामले में कुल पांच मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है।

उपायुक्त हरेश्वर स्वामी ने बुधवार को बताया कि इसकी शुरुआत 29 अगस्त को हुयी थी जब गुप्त सूचना के आधार पर भलस्वा डेयरी इलाके से अफसाना नामक महिला को पकड़ा गया जिसके कब्जे से 300 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया।

**उपलब्धि** | पीसीसीएफ ने कहा - प्रदेश बाघ संरक्षण में अव्वल

## आनुवांशिक विविधता चिंता का विषय

आशीष कुर्ल

**भोपाल 17 सितम्बर. मध्यप्रदेश के प्रधान मुख्य वन संरक्षक (पीसीसीएफ) वीएन अम्बाडे ने राज्य में बाघों की संख्या में हुई उल्लेखनीय वृद्धि पर संतोष व्यक्त किया है. प्रदेश में बाघों की संख्या 526 से बढ़कर 785 हो गई है।**

यह उपलब्धि न केवल मध्यप्रदेश को देश में बाघ संरक्षण में शीर्ष पर स्थापित करती है, बल्कि भारत की कुल



बाघ जनसंख्या (3,682 से 3,925) में भी इसका बड़ा योगदान है. उल्लेखनीय है कि विश्व के लगभग 75 प्रतिशत जंगली बाघ भारतीय वनों में पाए जाते हैं.

अम्बाडे ने कहा कि हमारी टीमें चौबीसों घंटे राज्य के सभी वनों पर नजर रखती हैं, जिससे वन्यजीव सुरक्षित और स्वाभाविक वातावरण में रह सकें. हालांकि उन्होंने यह भी चेताया कि बाघों और अन्य वन्य जीवों के लिए खतरा केवल शिकारियों से नहीं है, बल्कि 'इनब्रीडिंग' यानी सीमित संख्या वाले बाघों में आपसी प्रजनन भी एक गंभीर चुनौती बन चुका है. उन्होंने कहा, दो सौ वर्ष पहले जब राजा-महाराजा अलग-अलग राज्यों पर शासन करते थे, उनके महलों में लगे बाघों के ट्रॉफी आज के बाघों से लगभग दोगुने आकार के होते थे. आज बाघों के आकार और शक्ति में आई गिरावट का प्रमुख कारण इनब्रीडिंग है. उन्होंने स्पष्ट किया कि कुछ वन क्षेत्रों में बाघों की संख्या केवल पांच से बीस के बीच है. (शेष पेज 12 पर)

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों को पैकेज देने राहुल ने लिखा मोदी को पत्र

**नयी दिल्ली, 17 सितम्बर (वार्ता) हाल में पंजाब के बाढ़ पीड़ित इलाकों का दौरा करके लौटे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए व्यापक राहत पैकेज देने की मांग की है।**

कांग्रेस नेता ने कहा कि पंजाब की विनाशकारी बाढ़ में चार लाख एकड़ धान की फसल बर्बाद हो गई और 10 लाख से ज्यादा पशु मर चुके हैं। लाखों लोग बेघर हुए हुए हैं और बड़े पैमाने पर जमीन निकट भविष्य के लिए अनुपजाऊ हो गई है।पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के लिए हाल में केंद्र सरकार की तरफ से घोषित 1,600 करोड़ रुपये की प्रारंभिक राहत को पंजाब के लोगों के साथ नाइंसाफी करार देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य को बहुत बड़ा नुकसान हुआ है। उनका कहना था कि इस भयावह त्रासदी को देखते हुए संकट से जूझ रहे लोगों के लिए व्यापक राहत पैकेज देने की जरूरत है।

श्री गांधी ने प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में पंजाब में बाढ के कारण मची तबाही का विस्तार से विवरण देते हुए कहा है कि वहां की स्थिति बहुत नाजुक बन गयी है और केंद्र सरकार को वहां के लोगों को राहत देने के लिए व्यापक राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने कहा आकलन के अनुसार राज्य को कम से कम 20,000 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इस संकट से निपटने के लिए और भी ज़्यादा ठोस कदम उठाने की ज़रूरत है। मैं केंद्र सरकार से बाढ़ से हुए नुकसान का शीघ्र आकलन करवाकर एक व्यापक राहत पैकेज पंजाब को देने की मांग करता हूं।

उन्होंने बाढ के बीच पीड़ितों के परस्पर सहयोग का जिक्र करते हुए लिखा इस त्रासदी के बावजूद, मैंने वहां इंसानियत की शानदार मिसाल तब देखी जब लोगों ने अनजान पीड़ितों के लिए अपने घर के द्वार खोल दिए और उनके पास जो कुछ बचा है उसे सबमें बाँट लिया। निजी संभावित संकट की परवाह किये बिना लोगों का यह उदार भाव और मदद करने का संकल्प सचमुच सराहनीय है।